तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

13 अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष स्पर्धा में विप्र...



14 रोजगार गारंटी योजना में कराए गए कार्यों का...



राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

खबर संक्षेप

बेलरबाहरा में नवाखाई ठाकुर जोहारनी मिलन समारोह 9 को

मैनपुर। अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज के तत्वावधान में आदिवासी संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवाखाई ठाकुर जोहारनी मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा।



अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज के महासचिव सुखराम नागेश ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कार्यक्रम 9 अक्टूबर को ग्राम बेलरबाहरा, सर्कल ग्राम मेपका में हर्षोल्लास के साथ आयोजित होगा। समारोह में समाज के लोगों द्वारा पारंपरिक रीति–रिवाज एवं आदिवासी संस्कृति के अनुरूप नवाखाई पर्व मनाया जाएगा। आयोजन के माध्यम से सामाजिक भाईचारा, आपसी एकता तथा समाज की सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाने तथा कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने की अपील की है। अखिल भारतीय अमात गोंड़ समाज भाठीगढ़ राज के महासचिव सुखराम नागेश ने यह जानकारी देते हुए समाजजनों से कार्यक्रम में सहभागिता की अपील की है।

विकसित भारत@ 2047 का लिया सामूहिक संकल्प

सेवा ज्योति यात्रा में गूंजा सेवा और राष्ट्र निर्माण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





- गरियाबंद में निकली भव्य सेवा ज्योति यात्रा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'सेवा ज्योति यात्रा' एवं 'विकसित भारत संकल्प सभा' का भव्य आयोजन बुधवार को शहर में किया गया। स्थानीय इनडोर स्टेडियम में आयोजित सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन उपस्थित जनसमुदाय ने वर्चुअल माध्यम से सुना। इसके पश्चात सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण के संदेश के साथ भव्य सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष एव महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, गरियाबंद जिला भाजपा संगठन प्रभारी अमित चिमनानी, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, गोवर्धन मांझी, डमरूधर पुजारी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका अध्यक्षद्वय रिखीराम यादव, महेश यादव, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी, श्वेता शर्मा, जिला महामंत्री आशीष शर्मा मौजूद रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एव भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के लाइव उद्बोधन के उपरांत अतिथियों द्वारा सेवा ज्योति प्रज्ज्वलित कर की गई। इसके बाद सेवा ज्योति रथ, ज्योति एवं मशाल यात्रा के साथ यात्रा इनडोर स्टेडियम से प्रारंभ हुई। शहर के मुख्य मार्ग से गुजरी यात्रा में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ युवा, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठन और बड़ी संख्या में नागरिकगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से शहर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नजर आया। यात्रा का समापन पुलिस परेड ग्राउंड में हुआ, जहां 'विकसित भारत@2047' की संकल्पना को साकार करने के लिए उपस्थित लोगों ने सामूहिक संकल्प लिया। पुलिस परेड ग्राउंड में सेवा के रंग अंतर्गत विकसित भारत की थीम पर बनाई गई विशाल रंगोली आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। कार्यक्रम में सेवा ज्योति रथ, मशाल और कलश यात्रा ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि सेवा केवल किसी एक व्यक्ति या संगठन का दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सेवा, सुशासन और जनभागीदारी के माध्यम से विकसित भारत की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'विकसित भारत@2047' केवल सरकार का संकल्प नहीं, बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों का सामूहिक संकल्प है। आज का युवा, महिलाएं, किसान, श्रमिक और समाज का प्रत्येक वर्ग राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा रहा है। सेवा ज्योति कलश यात्रा इसी ⏭शेष पेज 13 पर

सेवा की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं: सांसद

श्रीमती चौधरी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने, जरूरतमंदों की सहायता करने और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों से आह्वान किया कि वे सेवा की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाते हुए 'विकसित भारत' के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि जब समाज की शक्ति और सरकार के विकास प्रयास एक साथ आगे बढ़ते हैं, तब राष्ट्र की प्रगति और तेज होती है। गरियाबंद की यह सेवा ज्योति यात्रा इसी सामूहिक सहभागिता, सेवा भावना और राष्ट्र निर्माण के संकल्प का प्रतीक है। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण, जनप्रतिनिधि, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा सहित विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम में सेवा, समरसता, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण का संदेश प्रमुखता से दिखाई दिया।

बाढ़ पीड़ितों ने 5 हजार लेने से किया इनकार



नवापारा-राजिम। नवापारा के वार्ड नं 15, 16, 17, 18, 19 के बाढ़ पीड़ितों ने 5 हजार रूपए लेने से इंकार कर लौट आए। बताया गया है कि बाढ़ सहायता राशि के लिए उन्हें अभनपुर बुलाया गया था परंतु 5 हजार रूपए की राशि पीड़ितों को कम महसूस हुआ। पीड़ित परिवारो का कहना था कि उन्हें काफी कुछ नुकसान हुआ है, 5 हजार रूपए में क्या होगा। इन लोगो का कहना है कि बस्तर में जब बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10 हजार का चेक वितरण किया गया है तो बिना भेदभाव के हमलोगो को भी मिलना चाहिए। अतएव शासन-प्रशासन से मांग करते है कि प्रत्येक परिवार को 10 हजार रूपए प्रदान किया जाए। इस अवसर पर बाढ़ पीड़ितो के अलावा जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, हेमंत साहनी, टिकेश्वर गिलहरे, वीरेंद्र राजपूत, तरुण कंसारी, अनुभव जैन, सुनील शर्मा मौजूद थे।

10 किलो से अधिक गांजे के साथ राजस्थान का युवक गिरफ्तार

मैनपुर (गरियाबंद)। जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री एवं तस्करी पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत मैनपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ओडिशा सीमा की ओर से मोटरसाइकिल पर गांजा लेकर आ रहे राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10 किलो 238 ग्राम अवैध गांजा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है, जिसकी कुल कीमत 6 लाख 10 हजार रुपये आंकी गई है। गश्त और सघन चेकिंग के दौरान मैनपुर पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि झरियाबहरा-देवभोग ओडिशा मार्ग से होकर एक ⏭शेष पेज 13 पर





प्रस्तुति - उत्कर्ष शर्मा रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं. 9752106022

खबर संक्षेप

चार हजार की महुआ शराब बरामद, दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम जीराडबरी से सावित्रीपुर जर्रा रोड में बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से चार हजार रुपए का महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर ग्राम जीराडबरी से सावित्रीपुर जर्रा रोड नीम पेड़ के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता चंद्रशेखर सिदार पिता सुखीराम सिदार (32 साल) ग्राम जर्रा थाना बसना होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 20 लीटर अवैध महुआ हाथ भट्ठी शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि 20 लीटर महुआ शराब उसे ग्राम सावित्रीपुर निवासी आशा राम रात्रे पिता अन्न दास रात्रे (उम्र 30 वर्ष) द्वारा बिक्री हेतु उपलब्ध कराई गई है। आरोपी चंद्रशेखर ने यह भी बताया कि मुख्य सप्लायर आशा राम रात्रे उक्त अवैध शराब को अपने वाहन सीजी 06 जीवाय 3416 में परिवहन कर उसके पास छोड़कर गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी चंद्रशेखर सिदार एवं आशा राम रात्रे एक संगठित आपराधिक गिरोह के रूप में कार्य करते हुए, अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से लंबे समय से अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के संगठित अपराध में संलिप्त हैं। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 42, 59(क), धारा 112 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 11 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के अंतर्गत सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। शहर में इस परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2803 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में प्रशासन ने निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए कड़ी व्यवस्था की जा रही है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पूर्व अपने आवंटित केंद्र पर पहुंचना होगा।

शहर में तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से महासमुंद में आयोजित तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा का आयोजन 7, 8 एवं 9 अक्टूबर 2026 तक विशाल मेगा मार्ट परिसर बीटीआई रोड बरोंड़ा चौक महासमुंद में किया जा रहा है। प्रथम दिवस निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। शोभायात्रा में ध्वजधारी श्रद्धालु, दुर्गा झांकी, जवारा, भजन मंडली, रामदरबार तथा रथ में विराजमान सिद्ध चरण पादुका प्रमुख आकर्षण रहे। भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष के बीच निकली शोभायात्रा का जिलेवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और इसकी भव्यता की सराहना की। श्रद्धालुओं ने मार्ग में सिद्ध चरण पादुकाओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान इंद्रकुमार चंद्राकर एवं सहधर्मपत्नी मंजू इंद्रकुमार चंद्राकर रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षद पीयूष साहू सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। शोभायात्रा के पश्चात सिद्ध चरण पादुका एवं ग्रंथ स्थापना पूजन तथा आरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कथामृत का श्रवण किया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण की भी व्यवस्था की गई है, जो तीनों दिवस जारी रहेगी। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी एवं मानवतावादी सेवाओं की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी गई। इनमें निःशुल्क अन्नदान, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, राष्ट्रीय राजमार्गों पर निःशुल्क एंबुलेंस सेवा, रक्तदान शिविर, प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण तथा निःशुल्क वैद्यकीय सेवाएं प्रमुख हैं। आयोजन से जुड़े सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,56,129 से अधिक परिवारों की घर-वापसी, 250 देहदान, 219 अव्यवदान, जनवरी 2026 में 15 दिनों में 1,71,150 यूनिट रक्तदान तथा 5 से 19 जुलाई 2026 के दौरान 6,18,009 पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए ब्लड इन नीड हेल्पलाइन 9619171004 भी संचालित की जा रही है।

कार्यक्रम में रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के उपपीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, पीठ सदस्य सच्चिदानंद उपासने, पीठ सह प्रमुख मुन्नालाल मोटघरे एवं पीठ व्यवस्थापक प्रकाश अंगाड़े सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के अध्यक्ष, निरीक्षक, समिति सदस्य तथा छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय आयोजन के आगामी दिनों में भी चरणपादुका पूजन एवं आरती, कथामृत श्रवण, दिव्य रासलीला, आरती तथा कथा समापन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तीनों दिवस श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

भोथा-हाथीबाहरा जंगल में होगी 30वीं औषधीय पौधों की खोज यात्रा

23 से 25 अक्टूबर तक जुटेंगे शोधकर्ता, विद्यार्थी और प्रकृति प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा औषधीय पौधों एवं जैव विविधता के संरक्षण, अध्ययन और पारंपरिक लोकज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष 30वीं औषधीय पौधों की खोज यात्रा का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक भोथा-हाथीबाहरा जंगल क्षेत्र में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों, प्रकृति प्रेमियों एवं विज्ञान के प्रति रुचि रखने वाले प्रतिभागियों के साथ औषधीय पौधों की पहचान और उनके पारंपरिक उपयोगों पर विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के प्रेस सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि प्रतिभागियों का आगमन एवं पंजीयन 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक विज्ञान आश्रम कसेकेरा में होगा। इसके बाद आपसी परिचय, खोज यात्रा का परिचय एवं उन्मुखीकरण, औपचारिक उद्घाटन तथा पूर्व की खोज यात्राओं के फोटोग्राफ एवं वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा। 24 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे औषधीय पौधों की खोज यात्रा प्रारंभ होगी। दोपहर में भोजन के बाद खोजे गए पौधों की पहचान, उनके पारंपरिक उपयोग एवं लोकज्ञान पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही विज्ञान आश्रम कसेकेरा की जैव विविधता का अध्ययन किया जाएगा। रात में भोजन के बाद कैंप फायर का आयोजन होगा। 25 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे औषधीय पौधों एवं जैव विविधता विषय पर स्टेट कॉन्फ्रेंस एवं रिसर्च प्रेजेंटेशन आयोजित होगा। इसमें शोधकर्ता एवं विद्यार्थी अपने शोध कार्यों को पोस्टर तथा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। शोध एवं पारंपरिक ज्ञान से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श भी होगा। दोपहर 11 बजे से समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों का फीडबैक, प्रमाण-पत्र वितरण, मुख्य अतिथि का उद्बोधन, अध्यक्षीय उद्बोधन, आभार प्रदर्शन एवं समापन होगा।

सहयोग राशि निर्धारित

तीन दिवसीय आयोजन में भोजन एवं आवास व्यवस्था के लिए सामान्य प्रतिभागियों के लिए 2,000 तथा कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 700 सहयोग राशि निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, सचिव डॉ. वायके सोना, डीएस. टंडन, डॉ. विजय शर्मा , खेमचंद चक्रधारी एवं प्रेस सचिव हेमंत खुटे से संपर्क कर सकते हैं।

आंगनबाड़ी में आंगन मिलन समारोह के दौरान विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

स्थानीय वार्ड नंबर 9 आंगनबाड़ी में

- नृत्य, संगीत के साथ छत्तीसगढ़ी लोक गीतों पे थिरके बच्चे



आंगन मिलन, पोषण पर चर्चा, आशा दीदियों का सम्मान कार्यक्रम अंतर्गत विविध आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड के पालक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर पर क्षमा गोयल जिला भाजपा उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता पत्रकार, साहित्यकार, प्रियंका सिन्हा सरपंच सरकड़ा, हेमलता जायसवाल पूर्व पार्षद द्वारा पूजा अर्चना, दीप प्रज्वल से किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा रानी सलूजा ने महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं को बताते हुए गर्भवती माताओं को आहार संबंधी जानकारी दी, जिससे बच्चा स्वस्थ्य और निरोगी हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष गुप्ता ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार, जीवन जीने की शैली, वार्तालाप के दौरान बड़े छोटे का सम्मान के तौर तरीके माता पिता को बाल्यकाल से देना चाहिए, जिससे आगे चलकर बच्चे संस्कार युक्त होकर समाज का मार्गदर्शन करें। साथ ही उन्होंने पालकों से नवजात शिशु के आहार पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही, जिससे बच्चा स्वस्थ्य और निरोगी रहे। कार्यक्रम में क्षमा गोयल ने आंगनबाड़ी के स्वच्छता की तारीफ करते बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और पोषक आहार की जानकारी दी। प्रियंका सिन्हा, हेमलता जायसवाल ने भी सभा को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी के पालकों और बच्चों को जीवन में सही मार्गदर्शन के लिए माता पिता को श्रेष्ठ कहा, जिनकी बातों को मानकर व्यक्ति विकास की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा रानी सलूजा, सहायिका डिगेश्वरी ध्रुव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही जान्हवी यादव की गोद भराई रस्म निभाई गई, जिन्हें तिलक वंदन कर श्रीफल अन्न दान किया। नन्हें शिशु उन्नति डडसेना का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम में खेलकूद का भी आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत फुगड़ी में प्रथम नर्मदा निषाद, वर्षा सोनवानी, कुर्सी दौड़ में कनक निर्मलकर, शिवा यादव, रंगोली में विनीता निर्मलकर, सुआ नृत्य में कनक निर्मलकर प्रथम स्थान पर रही, जिसे अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राम कुंवर सिन्हा पार्षद, संतोष डडसेना पार्षद, मीना लाल महिला बाल विकास अधिकारी, सरोज सिन्हा, शिवकुमारी निर्मलकर, मालती दीप, भुनेश्वरी निर्मलकर, शिव कुमारी ध्रुव, आनंदिता ठाकुर, लक्ष्मी महानंद, मनिंदर सिंह, डिगेश्वरी ध्रुव, दीपक सिन्हा आदि मौजूद रहे।

जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र नागरिकों के साथ-साथ ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनके नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। यह कार्य बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने ईआरओ एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग से यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। समस्त पात्र नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना पंजीकरण विधिवत सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करने के लिए संबंधित बीएलओ एवं ईसीआईएनईटी मोबाइल एप या वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से फॉर्म 6 में ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता है। कलेक्टर ने इस दौरान जागरूकता अभियान के लिए स्वीप की गतिविधियां भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उप जिला निवार्चन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता मौजूद रहे।

गौ सम्मान को लेकर हुई बैठक



महासमुंद। गौ माता के सम्मान, संरक्षण एवं सेवा के विषय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में गौ सेवा को बढ़ावा देने, समाज में जागरूकता फैलाने तथा गौवंश के संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयासों पर चर्चा की गई।

महासमुंद के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शिलालेख स्थापित करने की पहल

महासमुंद। देश की आजादी के लिए ब्रिटिश हुकूमत से लड़ने वाले जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति और सम्मान में भव्य शिलालेख स्थापित करने की पहल की जा रही है। शिलालेख पर जिले के समस्त 146 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम गरिमापूर्वक अंकित होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने देशभक्त पुरखों से परिचित होती रहें और उनसे प्रेरणा लेती रहें। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानी स्व जयदेव सतपथी के सुपुत्र विद्याधर सतपथी तोषगांव सरायपाली ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन महासमुंद को 41 हजार रुपए नकद दिए हैं तथा प्रस्तावित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्थल' के अहाता निर्माण के लिए 11 लाख रुपए सहयोग देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन महासमुंद के सचिव कुबेर प्रकाश गिरि गोस्वामी ने बताया कि जिला मुख्यालय महासमुंद स्थित देव संस्कृति विद्यालय में रविवार को हुई संगठन की बैठक में जिलेभर से स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। समाज में राष्ट्रीय भावना के विकास के लिए सेनानी पुरखों की स्मृतियों को संजोने और स्थायी रूप देने पर विचार किया गया। इस क्रम में सहयोग की शुरुआत हो चुकी है। संगठन में जिले के समस्त सेनानी परिवारों की भागीदारी एवं सदस्यता सुनिश्चित करते हुए संगठन को मजबूत करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही वार्षिक सदस्यता शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन के संरक्षक श्रीधर चंद्राकर, जिलाध्यक्ष नारायण नामदेव, कुबेर प्रकाश गिरि गोस्वामी, संजय गिरि गोस्वामी, चित्रसेन गिरि गोस्वामी, महेश दुबे, राकेश झाबक, योगेश सरवैया, रोमान्तक गिरि गोस्वामी, सच्चिदानंद चंद्राकर, योगेश कुमार जैन, नागेश कुमार चंद्राकर, प्रेमचंद डडसेना, अश्वनी साहू, माधो प्रसाद ठाकुर, नंद कुमार कश्यप, मनोज गिरि गोस्वामी, लीलाधर डडसेना, बसंत चंद्राकर, आकाश चंद्राकर, नीलरत्न पाटिल, पंकज नाथ योगी, शेष नारायण नामदेव, बुद्धेश्वर डडसेना, देवराज शाह ठाकुर, विद्याभूषण सतपथी, उमाशंकर नामदेव, दीपक पटेल, जनक चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय के छात्रों का राज्य स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

सरायपाली। शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय,सिमगा में वॉलीबॉल पुरुष वर्ग की सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरायपाली की वॉलीबॉल पुरुष वर्ग की टीम ने भाग लिया। महाविद्यालय की टीम में सहभागिता करने वाले खिलाड़ी योगेश साहू, तेजराज, रमेश पटेल, कुलदीप, प्रशांत, तेजराज भोई, गगन, विद्यादेव, नीलांबर एवं नितिश भोई। उक्त सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में तेजराज भोई (कक्षा-डीसीए) के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संध्या भोई, क्रीड़ा प्रभारी राजकिशोर पटेल, क्रीड़ाधिकारी रूपा ध्रुव, प्रबंधक दीपक कुमार एवं समस्त स्टाफ ने चयनित खिलाड़ी तेजराज भोई को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशाल भारत मंडला रंगोली प्रदर्शनी का समापन

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय रंगोली प्रदर्शनी का समापन एवं अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगोली प्रदर्शनी के अंत में उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने की। इस अवसर पर रंगोली प्रदर्शनी की जिला नोडल अधिकारी डॉ. रीता पाण्डे, सहायक नोडल अधिकारी मनीराम धीवर, कार्यक्रम प्रभारी डॉ मालती तिवारी जिला संगठक, रेखराम शर्मा एवं विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा, डॉ स्वेतलाना नागल, राजेश्वरी सोनी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, गायत्री चंद्राकर, निर्मल बंजारे, कांति साहू, हेमेंद्र साहू पस्थित रहे। सेवा संकल्प अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को कलेक्टर द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रसाद वितरण, मंदिर समिति की पहल

महासमुंद। स्थानीय पुराना सरकारी हॉस्पिटल परिसर स्थित नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को मंदिर परिसर में समिति की ओर से चना प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।

सड़क सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

पैतृक संपत्ति व साइबर अपराध सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधली में छुईपाली टोल प्लाजा और औरंग टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सड़क सुरक्षा, स्वच्छता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजीत जांगड़े थे। विशिष्ट अतिथि टोल प्लाजा के एचएसई मैनेजर उमाशंकर अहिरवार, टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह, एचआर मैनेजर कौशिक राय तथा सहायक स्टाफ रवि कुमार ठाकुर, प्रवीण, सुखेन राय और सुदीप मोहंती उपस्थित रहे। अध्यक्षता के प्राचार्य डीडी चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई।



छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद टोल प्लाजा के एचएसई मैनेजर उमाशंकर अहिरवार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से भारत और छत्तीसगढ़ में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने यातायात नियमों के पालन से लेकर नशे की हालत में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछकर संवाद भी किया। छात्र-छात्राओं ने सवालों के जवाब दिए। विद्यार्थियों को दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्वयं जागरूक रहने तथा परिवार, समाज में भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की आदत विकसित करनी चाहिए। इसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजीत जांगड़े ने विद्यार्थियों को बाल श्रम अधिनियम, दहेज प्रताड़ना कानून के गलत उपयोग से बचने, बाल अधिकार, पैतृक संपत्ति के अधिकार और साइबर अपराध सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा की ओर से विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई। पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत टोल अधिकारियों, न्यायिक मजिस्ट्रेट और प्राचार्य ने पौधारोपण किया। संचालन अजय प्रधान ने किया। अंत में प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्टाफ, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व टोल कर्मचारी उपस्थित थे।

अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष स्पर्धा में विप्र कालेज रायपुर विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

बेस्ट प्लेयर का खिताब गरियाबंद महाविद्यालय के कृष्णा को मिला

शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गरियाबंद में उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेक्टर के अंतर्गत आने वाली 19 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के प्रथम मैच से लेकर अंतिम मुकाबले तक खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और मैदान पर रोमांच बना रहा।

सेमीफाइनल के पहले मुकाबले में छत्तीसगढ़ महाविद्यालय और कुरुद महाविद्यालय आमने-सामने रहे। रोमांचक मुकाबले में कुरुद महाविद्यालय ने जीत हासिल कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल विप्र महाविद्यालय रायपुर एवं शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें विप्र महाविद्यालय ने जीत हासिल की।





आयोजन में इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में वॉलीबॉल निर्णायक के रूप में दुर्गा पटनायक, संजीव साहू, सूरज महाड़िक, नंदकुमार रात्रे, राजू साहू, पुरण साहू, खोमेश्वर साहू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शर्मा ने एवं आभार प्रदर्शन प्रभारी प्राचार्य प्रो. आर. के . तलवरे ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के क्रीड़ा अधिकारियों रूपेद्र चौहान , रामानन्द यदु, प्रकाश चंद्रवंशि, देवाशीष हाजरा, आदर्श मिश्रा, मुकेश सिन्हा, ज्ञानेंद्र भाई, तुलाराम, सी .एल . तारक , डा. संजय सर , डा. सत्यम कुंभकार , प्रदीप निर्मलकर, गौतम ठाकुर एवं कोमल वर्मा की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला विप्र महाविद्यालय रायपुर एवं कुरुद महाविद्यालय के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विप्र महाविद्यालय रायपुर ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट प्लेयर का खिताब गरियाबंद महाविद्यालय के कृष्णा ठाकुर, बेस्ट स्मैशर का खिताब कुरुद महाविद्यालय के आभास तथा बेस्ट सेटर का अवॉर्ड विप्र महाविद्यालय के युवराज को प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय क्रीड़ा विभाग के डॉ. चंद्रकांत अगासे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शासकीय वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.आर. के. तलवरे ने की। रायपुर से पर्यवेक्षक के रूप में डॉ. करमिश संबरकर विशेष रूप से उपस्थित थे, आज हुए मुकाबले के आधार पर रायपुर सेक्टर की टीम का चयन किया गया जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

पेज 11 के शेष

सेवा ज्योति यात्रा में ...

भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है।

बना विकसित भारत संकल्प सेवा चौक : विकसित भारत संकल्प सेवा चौक का नामकरण भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रूप कुमारी चौधरी ने किया। इनडोर स्टेडियम के बाहर राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे यह चौक अब विकसित भारत संकल्प सेवा चौक के नाम से जाना जाएगा। वकायदा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती चौधरी ने शीघ्र चौक निर्माण कार्य करने के निर्देश नगर पालिका को दिए हैं।

10 किलो से अधिक...

युवक काले रंग की होंडा शाइन मोटरसाइकिल क्रमांक आरजे 20 बीएन 9588 पर अवैध गांजा लेकर मैनपुर की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदव्रत सिरमौर के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कर्ण कुमार उके के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मैनपुर के नेतृत्व में तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग 130-सी पर स्थित रेस्ट हाउस के पास घेराबंदी कर नाकाबंदी की। इस दौरान मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार संदिग्ध मोटरसाइकिल चालक को रोककर पूछताछ की गई। आरोपी ने अपना नाम रोहित बैरवा उम्र 20 वर्ष, निवासी प्रेमनगर अफोर्डेबल आवासीय योजना थाना उद्योगनगर जिला कोटा राजस्थान बताया।

मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर पेट्रोल टंकी के ऊपर रखे एक स्टील ब्लू रंग के बैग के अंदर से खाकी टेप और सफेद कपड़े में पैक किया हुआ 10 किलो 238 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये है। इसके अलावा 1 लाख 10 हजार रुपये मूल्य की प्रयुक्त होंडा शाइन मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ थाना मैनपुर में अपराध क्रमांक 120/2026 के तहत धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

इनकी रही सराहनीय भूमिका: इस पूरी कार्रवाई में थाना मैनपुर के सहायक उपनिरीक्षक नकूल सिंह सिदार, पवन कुमार सिन्हा, प्रधान आरक्षक कपूरचंद नेताम, आरक्षक यादराम पटेल, मुरारी यादव, प्रमोद तिर्की, अश्वनी कुमार ध्रुव, कोमल धृतलहरे तथा गरियाबंद सायबर सेल टीम की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत कांग्रेस की पत्रकार वार्ता

एसआईआर के बाद हुए चुनावों की समीक्षा हो पुरानी मतदाता सूची की जाए बहाल: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत बुधवार को जिला कांग्रेस भवन में कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर केंद्र सरकार एवं निर्वाचन आयोग पर गंभीर सवाल उठाए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा शासनकाल में लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें निर्देशित करने वाले 'शकुनी और दुर्योधन' कौन हैं, यह भी बड़ा प्रश्न है।

> ■ वर्तमान शासन में लोकतंत्र का हो रहा चीरहरण : बेसरा

श्री बेसरा ने कहा कि संविधान निर्माताओं ने देश के नागरिकों को मताधिकार देकर अपनी पसंद की सरकार चुनने का अधिकार दिया था, लेकिन वर्तमान में चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। कांग्रेस का दावा है कि देशभर में करीब 13 करोड़ तथा छत्तीसगढ़ में करीब 25 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं। उन्होंने कहा कि नाम हटाने की प्रक्रिया और उसके आधार की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। यदि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से हटता है तो उसके मतदान के अधिकार पर सीधा प्रभाव पड़ता है। कांग्रेस की मांग है कि विशेष गहन पुनरीक्षण लागू होने के बाद हुए सभी चुनावों की समीक्षा की जाए तथा आवश्यकता अनुसार पुरानी मतदाता सूची को पुनः लागू किया जाए।



मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस्तीफे की मांग

सुखचंद बेसरा ने तीन सदस्यीय निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने दावा किया कि आयोग के दो सदस्यों द्वारा आपत्तियां दर्ज किए जाने के बावजूद मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जिस तरह निर्णय लिए गए, उससे आयोग की निष्पक्षता को लेकर संदेह पैदा हुआ है। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस देशभर में लोकतंत्र बचाने का अभियान चला रही है। पत्रकार वार्ता में ईवीएम को लेकर भी सवाल उठाए गए। बेसरा ने कहा कि पूर्व में ईवीएम की कार्यप्रणाली को लेकर कांग्रेस सहित विभिन्न वर्गों द्वारा सवाल उठाए गए हैं, लेकिन इन पर अपेक्षित स्तर पर स्पष्ट जांच नहीं हो पाई है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर सरकारी उपक्रमों, रेलवे कॉरिडोर, कारखानों और खदानों से जुड़े मामलों को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए।

2 से 8 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

बेसरा ने कहा कि कांग्रेस द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से आम लोगों को मतदाता सूची, मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार मतदाता सूची और चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों को उठा रहे हैं। कांग्रेस का उद्देश्य लोगों को अपने मताधिकार के प्रति सजग करना और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग को मजबूती से सामने रखना है। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की निष्पक्ष जांच और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है।

भाजपा सरकार में गांव, गरीब, किसान महतारियों का बढ़ा मान: नंदनी नेताम

मैनपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने जीवन हर क्षण देश और जनता की सेवा मे समर्पित किया है। आज भारत का डंका पुरी दुनिया मे बज रहा है। देश की सीमाएं पुरी तरह सुरक्षित है और दुश्मनों को घर मे घुसकर जवाब देने का साहस मोदी सरकार ने दिखाया है। उक्त बातें भाजपा अनुसूचित जनजाति छत्तीसगढ़ प्रदेश मंत्री श्रीमति नंदनी नेताम ने कही। भाजपा नेत्री श्रीमति नेताम ने केन्द्र और राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओ का उल्लेख करते हुए कहा आज गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के जीवन मे जो सकारात्मक बदलाव आया है, वह भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है। महतारी वंदन योजना से माता, बहनों को प्रतिमाह एक हजार रुपए सीधे खाते में देकर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाया गया है। प्रधानमंत्री जनधन योजना, आधार और मोबाइल के माध्यम से सरकारी सहायता को सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने की व्यवस्था मजबूत हुई है। करोड़ों लोगों के बैंक खाते खुलने से गरीब परिवार बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े और सरकारी योजनाओं का पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचने लगा। इससे बिचौलियों की भूमिका कम हुई और योजनाओं में पारदर्शिता बढ़ी। उज्ज्वला योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ की करीब 39 लाख 54 हजार महिलाओं को रसोई के धुएं से राहत मिली है। वहीं जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश के करीब 41 लाख 50 हजार ग्रामीण परिवारों तक नल से पानी पहुंच रहा है। इससे महिलाओं को दूर–दराज से पानी लाने में लगने वाले समय और मेहनत से राहत मिली है। श्रीमती नंदनी नेताम ने आगे कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने गरीब परिवारों को इलाज के लिए आर्थिक सुरक्षा दी है।



समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर फोकस

श्रीमती नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि सेवा और परिवर्तन का माध्यम बनाने का प्रयास किया मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक उन्होंने हर जिम्मेदारी को जनसेवा का अवसर माना। उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं का फोकस समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने पर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 25 वर्ष के सार्वजनिक जीवन को भाजपा सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण की यात्रा के रूप में देखती है केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ गरीब, किसान, महिला, युवा और जनजातीय समाज तक पहुंचाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

रमेश यदु ने पिछड़ा वर्ग की अध्यक्ष साध्वी निरंजनी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



यादव समाज की ठेठवार एवं रावत जाति को पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल कराने की मांग को लेकर सर्व यादव समाज द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु पुनः दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं। वे केंद्रीय अध्यक्ष साध्वी निरंजनी संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं पिछड़ा वर्ग से जुड़े पदाधिकारियों से मुलाकात कर इस विषय में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया और प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाने का आग्रह करेंगे।

विदित हो कि ठेठवार एवं रावत जाति के केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में दर्ज नहीं होने के कारण समाज के लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों एवं युवाओं को शिक्षा, रोजगार तथा केंद्र सरकार से संबंधित विभिन्न योजनाओं में मिलने वाले अवसरों का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाज द्वारा लंबे समय से इस मांग को शासन के समक्ष उठाया जा रहा है। इस दौरान समाज की ओर से आवश्यक तथ्यों एवं दस्तावेजों के साथ अपनी मांग को मजबूती से रखा गया। इसी के मद्देनजर प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु आवश्यक दस्तावेज लेकर पुनः दिल्ली पहुंचे हैं। दिल्ली में वे राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर आवश्यक दस्तावेज जमा किया तथा ठेठवार एवं रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल करने की प्रक्रिया में शीघ्र कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया।

संबंधित विभाग के समक्ष आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने तथा ठेठवार एवं रावत जाति को केंद्रीय पिछड़ा वर्ग सूची में शामिल कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के इस प्रयास का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि उनके दिल्ली दौरे से इस महत्वपूर्ण मांग की प्रक्रिया को गति मिलेगी और आने वाले समय में समाज के युवाओं को शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में बेहतर अवसर प्राप्त हो सकेंगे।



स्मित के जल्द स्वास्थ्य लाभ के लिए हनुमान चालीसा पाठ

नवापारा-राजिम। सेवा संकल्प के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु एवं पायलेट स्मित मच्छर के जल्द स्वस्थ होने की कामना के साथ विधायक इन्द्रकुमार साहू के नेतृत्व में सामूहिक रुप से हनुमान चालीसा का पाठ नगर के शीतला मन्दिर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मण्डल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा,नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,योगिता सिन्हा, एल्डरमेन मुकुंद मेश्राम,गुलाब राव, कन्हैया साहू, सौरभ सिंटू जैन, धनमती साहू,रूपेंद्र चंद्राकार,मुक्कू निषाद,प्रेम साधवानी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

बिजली सब-स्टेशन में ऑपरेटर के साथ मारपीट

महासमुंद। बिजली सब स्टेशन नवरंगपुर के ऑपरेटर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किय गया है। पुलिस को बिजली सब स्टेशन में तैनात ऑपरेटर मृत्युंजय पटेल ने बताया कि 05 सितंबर को 11 बजे ग्राम नवरंगपुर के खगेश्वर साहू ने सब स्टेशन में आकर बिजली बंद होने की बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज किया था। इसके बाद पुनः लगभग 11:15 बजे खगेश्वर साहू अपने साथ गांव के केशव साहू और राजेश साहू को लेकर सब स्टेशन नवरंगपुर में आया और तीनों ने मिलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया।

न आंगनबाड़ी शुरू हुई, न अस्पताल

उद्घाटन के 11 महीने बाद भी खाली पड़ा बहुउद्देशीय केंद्र

मैनपुर। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत डुमाघाट के आश्रित ग्राम चिटकीमुड़ा में विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बनाया गया बहुउद्देशीय केंद्र आज अपने ही उद्देश्य से दूर नजर आ रहा है। करीब 11 महीने पहले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित वरिष्ठ मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में इस भवन का शुभारंभ किया गया था। लेकिन उद्घाटन के इतने समय बाद भी यहां न आंगनबाड़ी केंद्र शुरू हो पाया और न ही स्वास्थ्य सुविधा का संचालन हो सका। बताया गया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा बनाए गए इस भवन में आंगनबाड़ी केंद्र और अस्पताल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना थी। भवन में करीब तीन कमरे तथा आठ लेटरिंग–बाथरूम का निर्माण भी किया गया है। सरकारी स्तर पर इसका उद्घाटन भी हो चुका है, लेकिन उपयोग के अभाव में पूरा भवन अब खाली पड़ा हुआ है।

जिस उद्देश्य से बनाया, वही अधूरा – विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को उनके गांव के आसपास ही शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के भवनों का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन चिटकीमुड़ा का यह केंद्र उद्घाटन के बाद भी शुरू नहीं होने से ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि भवन का उपयोग जल्द शुरू नहीं किया गया तो लाखों रुपए खर्च कर बनाया गया यह सरकारी भवन धीरे–धीरे असामाजिक तत्वों का अड्डा बन सकता है। वर्तमान में भी खाली भवन और आसपास के क्षेत्र में लोगों का जमावड़ा बढ़ने की बात सामने आ रही है।

भवन खड़ा, लेकिन खर्च का हिसाब दीवार से गायब – मामले का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि भवन पर निर्माण से संबंधित किसी प्रकार का स्पष्ट दीवार लेखन या सूचना पट्ट नजर नहीं आने से आम लोगों को इसकी स्वीकृत लागत, निर्माण एजेंसी और वास्तविक खर्च की जानकारी नहीं मिल पा रही है। सुदूर वनांचल में बने इस भव्य भवन की लागत और निर्माण संबंधी जानकारी सार्वजनिक क्यों नहीं की गई, यह भी सवालों के घेरे में है।



11 महीने बाद भी इंतजार, कब शुरू होगा संचालन

सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्यधारा से जोड़ने और उनके गांवों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। ऐसे में चिटकीमुड़ा में करोड़ों अथवा लाखों रुपए की लागत से तैयार किए गए भवन का 11 महीने तक उपयोग नहीं होना व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। अब ग्रामीणों की नजर विभागीय अधिकारियों पर है कि आखिर इस भवन में आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सुविधा का संचालन कब शुरू होगा? भवन की स्वीकृत लागत और खर्च का विवरण सार्वजनिक क्यों नहीं है? और उद्घाटन के 11 महीने बाद भी भवन उपयोग में क्यों नहीं लाया जा सका इन सवालों का जवाब विभाग से मिलने के बाद ही स्पष्ट होगा कि विशेष पिछड़ी जनजाति के विकास के लिए बनाई गई यह सुविधा कब वास्तव में ग्रामीणों के काम आएगी।

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय/कार्यपालिक दंडाधिकारी महोदय, सिमगा,जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

शपथकर्ता - मोहम्मद उस्मान जन्म तिथी 06/08/1987 पता- जामा मस्जिद के पास, आजाद चौक, सिमगा पो.आ. सिमगा थाना व तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) 493101

MOHAMMAD USMAN S/O ABDUL HABEEB DATE OF BIRTH 06/08/1987 ADDRESS- NEAR BY JAMA MASJID, AJAD CHAUK, SIMGA POST. SIMGA, THANA SIMGA TAHSIL SIMGA DISTT BALODABAZAR &BHATAPARA (C.G.) 493101

शपथकर्ता निम्नलिखित शपथ पत्र सादर प्रस्तुत करता है:-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थाई निवासी है।
2. यह कि शपथकर्ता के पुत्री के नाम से जारी आधार कार्ड क्रमांक **8464 2294 7345** में शपथकर्ता के पुत्री का नाम हबीबा बानो पिता मोहम्मद उस्मान **HABIBA BANO D/O MOHAMMAD USMAN** जन्मतिथी-22/09/2020 अंकित है जो कि त्रुटिपूर्ण दर्ज है।
3. यह कि शपथकर्ता के पुत्री का वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेजो में उम्मे हबीबा पिता मोहम्मद उस्मान **UMME HABIBA D/O MOHAMMAD USMAN** जन्मतिथी 22/09/2020 ग्राम जामा मस्जिद के पास, आजाद चौक, सिमगा तह. सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा पिनकोड 493101, **ADDRESS- NEAR BY JAMA MASJID, AJAD CHAUK, SIMGA POST. SIMGA, THANA SIMGA TAHSIL SIMGA DISTT BALODABAZAR & BHATAPARA (C.G.) 493101** दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है।
4. यह कि दोनों नामों में एकरूपता लाने एवं आधार कार्ड/जन्म प्रमाण पत्र एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों में सुधार करने एवं दो नामों का प्रमाण मेरी पुत्री के उपयोग हेतु मैं शपथकर्ता अपनी पुत्री के नाम छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन करना चाहता हूँ।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता द्वारा शपथपत्र की कंडिका क्र. 01 से 04 तक किये कथन मेरे निजी जानकारी एवं दस्तावेजों के अनुसार सत्य एवं सही है।

मो. उसमान
सत्यापनकर्ता

नाम परिवर्तन की सूचना

मैं **ताकेश कुमार यादव (पुराना नाम जिसे बदला जाना है)** सुपुत्र श्री बालमुकुन्द यादव गांव आसरा तहसील छुरा जिला- गरियाबंद (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम ताकेश कुमार यादव (पुराना नाम) से बदलकर **डोमन लाल यादव (नया नाम)** रख लिया है।

ताकेश कुमार यादव
हस्ताक्षर (पुराने नाम से)

दादरझोरी में आंगन मिलन कार्यक्रम



नवापारा-राजिम। दादरझोरी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की सहभागिता रही। इस अवसर पर सरपंच रमेश कुमार साहू ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों और समाज हित में इसकी भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में उपसरपंच राजू साहू, पंच दानीराम साहू, ग्राम पटेल मन्नू राम साहू, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष परदेशी राम साहू, दूजराम साहू, सोना साहू, डामन साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लोचन साहू, मुकेश्वरी साहू, संतोषी मानिकपुरी, बत्ती साहू, गोदावरी साहू और मोनिका साहू सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां शामिल हुई। कार्यक्रम में सेवा, संस्कार और सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया गया।



खबर संक्षेप

मानव सेवा के लिए रक्तदान शिविर जरूरी: रूपसिंग

फिंगेश्वर। नगर के समीप बाबा कुटी आश्रम में 8 अक्टूबर को



रक्तदान शिविर का आयोजन सामाजिक नेता रूपसिंग साहू द्वारा लगाया जा रहा है। शिविर मे 70 से अधिक लोगों द्वारा रक्तदान कर जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा करने का संकल्प लिया गया है। रक्तदान शिविर का आयोजन जिले के सामाजिक नेता रूपसिंग साहू द्वारा 12 अक्टूबर को होने वाले अपने जन्मदिवस को लेकर किया जा रहा है। वे इस बार अपना जन्मदिन 12 अक्टूबर को सार्वजनिक तौर पर नहीं मनाएंगे,क्योंकि इस बार शारदीय नवरात्र की शुरुआत 11 अक्टूबर से हो रही है। बता दें कि नवरात्र के अवसर पर लोग पूरे नवरात्र भर मां दुर्गा की आराधना में लीन रहते हैं, वहीं पर अधिकांश लोग विभिन्न प्रकार के उपवास व्रत भी करते हैं। ऐसे में सामाजिक नेता रूपसिंग सार्वजनिक तौर पर अपना जन्मदिन मनाकर,मां दुर्गा के प्रति लोगों की भक्ति में व्यवधान उत्पन्न नहीं करना चाहते। सार्वजनिक तौर पर जन्मदिन मनाने की स्थिति में रूपसिंग के हजारों प्रशंसक और समर्थक,रूपसिंग के प्रति लगाव और उनके मिलनसार व्यवहार के चलते न चाहते हुए भी उनके जन्मदिन कार्यक्रम में पहुंचने को विवश होंगे। इस स्थिति को भांपकर ही रूपसिंग ने अपने जन्मदिन को लेकर गुरूवार को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर स्थल निरीक्षण भी कर लिया गया है।

10 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद। सांकरा से टेमरी जाने के मार्ग में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना के बाद आरोपी रोहिदास पटेल पिता पाड़े पटेल (55 साल) देवसराल थाना सांकरा के कब्जे से कुल 10.800 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एक्सीडेंट से मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। एक्सीडेंट से हुई एक व्यक्ति के मौत के मामले पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पिथौरा थाना के मर्ग क्रमांक 43/2026 धारा 194 बीएनएसएस मृतक अली हुसैन पिता लाल मोहम्मद (47 वर्ष) हरचंदा थाना कांटी जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवास भोला ढाबा जामपाली की मर्ग जांच किया। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक अली हुसैन 15/06/2026 को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 3828 से सिंधुपाली की ओर से पिथौरा की ओर आ रहा था, एनएच 53 रोड पोटापारा के पास पहुंचने पर रायपुर की ओर से सरायपाली की ओर जा रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 7202 के चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में घायल अली हुसैन को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी पिथौरा ले जाये गया, जहां से रेफर करने पर डीकेस रायपुर ले गया।

रोजगार गारंटी योजना में कराए गए कार्यों का सरपंचों ने मांगा भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

मैनपुर ब्लॉक सरपंच संघ ने जिला पंचायत सीईओ को सौंपा ज्ञापन

विकासखण्ड के सरपंच संघ ने रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत कराए गए निर्माण कार्यों में सामाग्री का बकाया भुगतान और मानदेय वृद्धि सहित अपनी 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सेवा संकल्प शिविर में कलेक्टर के नाम जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर को ज्ञापन सौंपा है।

सरपंच संघ के अनुसार, विकासखण्ड की 74 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत आंगनबाड़ी भवन, कुआं निर्माण, चेकडैम निर्माण, पचरी निर्माण और पीडीएस भवन जैसे कई विकास कार्य कराए गए हैं। लंबे समय से सामग्री की राशि का भुगतान नहीं होने के कारण विक्रेताओं और ठेकेदारों की ओर से सरपंचों पर दबाव बनाया जा रहा है, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों की रुकी हुई सामग्री राशि का भुगतान 1 माह के भीतर किया जाए। मनरेगा मजदूरी भुगतान में 15 दिन से अधिक की देरी होने पर नियमनुसार ब्याज सहित राशि दी जाए। ग्राम पंचायतों के सरपंचों का मानदेय 4,000 से बढ़ाकर 15,000 किया जाए। पंचों का मानदेय 500 से बढ़ाकर 2,000 किया जाए। पंचायत चपरासी को भी शासन स्तर से मानदेय दिया जाए। उपस्वास्थ्य केंद्र और पेंशन व्यवस्था स्वीकृत उपस्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण कराया जाए तथा 40 प्रतिशत राशि पंचायतों के खातों में जमा की जाए। साथ ही सभी पात्र पेंशनधारियों को नियमित पेंशन दी जाए। बस्तर विकास प्राधिकरण एवं समग्र विकास प्राधिकरण से स्वीकृत निर्माण कार्यों जैसे पुलिया, चबूतरा, सामुदायिक भवन, शौचालय आदि को ग्राम पंचायतों द्वारा कराने की स्वीकृति दी जाए। वी.जी. राम जी योजना के तहत स्वीकृत फाइलों का भुगतान करने और पंचायतों के अंतर्गत पुल-पुलिया तथा सीसी रोड निर्माण की अनुमति देने की मांग की गई है। सरपंच संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।



ये रहे मौजूद

ज्ञापन सौंपने के दौरान सरपंच संघ, विकासखंड मैनपुर के अध्यक्ष हलमन ध्रुवा, उपाध्यक्ष डोमुराम ध्रुव, पुष्पा नेगी, विजय मांझी, पुरूषोत्तम सोम, हेमोबाई नागेश, यशवंत मरकाम, पुनितराम नागेश, मालती कोर्राम, कंवली दीवान, महेश दीवान, उपासीन नागेश, बनसिंग सोरी, सुबेसिंग सोरी, गजेन्द्र नेगी, नीरा सांडे, घनश्याम मरकाम, यशवंत सोरी एवं 74 पंचायत के सरपंच मौजूद रहे।

कुलेश्वर महादेव महाविद्यालय में 'करियर बिल्डिंग एवं यूनिसेफ' कार्यशाला

छात्र- छात्राओं को करियर निर्माण के लिए दी गई विशेष जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय के कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और कौशल विकास के उद्देश्य से दो दिवसीय 'कैरियर बिल्डिंग एवं यूनिसेफ' कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को बेहतर करियर निर्माण के लिए आवश्यक कौशल, व्यक्तित्व विकास, रोजगारपरक दक्षताओं और सामाजिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देना था।

- दो दिनों तक विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, उत्कृष्ट संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास को दिया बढ़ावा

कार्यशाला में सौरव सिंह चंदेल मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने वर्तमान समय में आवश्यक कौशल, करियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं और उपलब्ध रोजगार अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके अलावा, सुश्री हेमलता साहू ने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग और तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों को करियर निर्माण की सही दिशा देना तथा रोजगार व स्वरोजगार के अवसरों से परिचित कराया गया। छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास, उत्कृष्ट संचार कौशल और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना। डिजिटल एवं तकनीकी कौशल के महत्व को समझाना तथा लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित करना। सामाजिक विकास और युवाओं की भूमिका के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना।

संवादात्मक सत्र और छात्र सहभागिता : दो दिवसीय आयोजन के दौरान कई संवादात्मक सत्र हुए। वक्ताओं ने समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल शैक्षणिक योग्यता ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि व्यावहारिक कौशल का होना भी अनिवार्य है। कार्यशाला में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और वक्ताओं से सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।



महाविद्यालयीन स्टॉफ का रहा विशेष योगदान

सफल आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक डॉ. प्रेमेन्द्र उपाध्याय, प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. अनिता साहा और सदस्य डॉ. सरस्वती देवी बेरवंशी के मार्गदर्शन में हुआ। साथ ही, एस.आर. वड्डे, डॉ. साक्षी मेश्राम, सुश्री पुष्पलता कंवर, श्वेता मिश्रा, पूजा तिवारी, विनय राठौर, कोमल राम और नागेंद्र टंडन ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई।

अभनपुर में कांग्रेस प्रभारी सुखदेव भगत का स्वागत, उमड़े कार्यकर्ता



नवापारा-राजिम। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सांसद सुखदेव भगत के बस्तर दौरा कार्यक्रम के दौरान अभनपुर के सिग्नल चौक में पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज भी मौजूद थे। स्वागत करने के लिए नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव की अगुवाई में नवापारा से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अभनपुर पहुंचे थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू के बेटे जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू, भोला सोनवानी, सेवा दल प्रभारी चतुर जगत, पार्षद अजय साहू, टिकेश्वर गिलहरे, वीरेंद्र राजपूत, विजय तारक, संतु साहू, मितेश शाह, राजा चांवला, राकेश सोनकर, दीपाली राजपूत, तरुण कंसारी, बीरबल सिंह राजपूत, तरुण कंसारी, अनुभव जैन, रेखा तिवारी, विक्की साहू, अशफाक लखानी टंडन सहित बड़ी संख्या में नवापारा के कांग्रेसजन मौजूद थे।

पुराना मेला मैदान में गढ़ी जा रही मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम के पुराना मेला मैदान में इन दिनों मिट्टी, रंग और कल्पना से मां दुर्गा की भव्य प्रतिमाएं आकार ले रही हैं। मूर्तिकार रमन चक्रधारी अपनी कला को अंतिम रूप देने में दिन-रात जुटे हैं। इस सीजन में वे करीब 40 प्रतिमाएं गढ़ चुके हैं। इनमें सबसे बड़ी प्रतिमा करीब 16 फीट की है। खास बात यह है कि रमन के हाथों से आकार लेने वाली प्रतिमाएं राजिम तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि रायपुर, बिलासपुर से लेकर सरगुजा और बस्तर तक पहुंचती हैं। रमन चक्रधारी के लिए मूर्तिकला केवल रोजी-रोटी का जरिया नहीं, बल्कि चार दशक से चली आ रही साधना है। वे बताते हैं कि पिछले 40 वर्षों से मूर्ति गढ़ने का काम कर रहे हैं। यह पुश्तैनी कला उन्हें विरासत में मिली है और समय के साथ उन्होंने इसे अपनी मेहनत लगन से और निखारा है। इस बार नवरात्रि के लिए भी दूर-दराज से मां दुर्गा की प्रतिमाओं के ऑर्डर मिले, लेकिन लगातार बारिश और समय की कमी के कारण वे सभी जगह प्रतिमाएं भेजने में असमर्थ रहे। इसके बावजूद रायपुर, बिलासपुर और आसपास के गांवों से प्रतिमाओं की मांग बनी हुई है। रमन बताते हैं कि मूर्ति निर्माण के दौरान वे समय का हिसाब भूल जाते हैं। कई बार दिन में 16 से 18 घंटे तक काम चलता है। मिट्टी से लेकर ढांचे, आकार, भाव-भंगिमा, रंग-रोगन और अंतिम सज्जा तक वे हर चरण में पर्याप्त समय देते हैं।

- रायपुर से बस्तर तक पहुंचती हैं प्रतिमाएं
- माटी में आस्था के रंग भर रहे रमन, 40 साल से बन रहे मूर्तियां

कहीं मां दुर्गा का चेहरा आकार ले रहा है तो कहीं मुकुट और आभूषणों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बारिश और मौसम की चुनौतियों के बीच भी रमन की उंगलियां लगातार चल रही हैं। उनके लिए हर प्रतिमा महज एक मूर्ति नहीं, बल्कि आस्था को आकार देने की जिम्मेदारी है।



'कुंवरहा धूप': दिन में तेज धूप और चिपचिपी गर्मी

मौसम का समझ में नहीं आ रहा मिजाज, रात को हल्की ठंड का हो रहा अहसास

रसेला। सूर्य चमक 9 घंटे और आर्द्रता 85 प्रतिशत परिणाम तेज धूप और चिपचिपी गर्मी वाले मौसम के बीच लोगों चार ऐसे ही गुजारना होगा। फसलों के लिए मौसम का यह रूप भले ही वरदान माना जा रहा हो लेकिन आम जनमानस धूप और चिपचिपी गर्मी से राहत की आस में है जो कार्तिक मास में ही संभव है। अलबत्ता रातों में जरूर हल्की ठंड महसूस की जा रही है।

महीने में पड़ने वाली धूप इस बार इसलिए ज्यादा महसूस की जा रही है



क्योंकि भरपूर बारिश से खेत लबालब हैं और जमीन में नमी भी पर्याप्त है। ऐसे में सूर्य की तेज धूप, वाष्पन की गति बढ़ाए हुए है। इसलिए उमस भरी गर्मी महसूस की जा रही है। बताते चलें कि अपने छत्तीसगढ़ में ऐसी धूप को कुंवरहा धूप के नाम से पहचाना जाता है । पूरा दिन तेज धूप और चिपचिपी गर्मी में गुजारने के बाद शाम को चलने वाली हवा राहत दे रही है, तो अर्धरात्रि के बाद हल्की ठंडक महसूस की जा रही है। इसमें समयावधि भले ही कम मानी जा रही हो न लेकिन हल्की राहत तो जरूर मिल रही है। में मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार चल रहा महिना का और मौसम का यह रूप सामान्य है। न्यूनतम तापमान 23 से 24 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर है तो अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा हुआ है।

बढ़ता वाष्पन और खेतों की नमी उमस का कारण

क्वांर में तेज धूप के साथ उमस महसूस होना सामान्य मौसमी स्थिति है। पर्याप्त बारिश के कारण मिट्टी में नमी अधिक है और तेज धूप से वाष्पन बढ़ रहा है, जिससे वातावरण में आर्द्रता बनी हुई है। इसे ही स्थानीय तौर पर 'कुंवरहा धूप' कहा जाता है। फसलों के लिए यह धूप खेतों की अतिरिक्त नमी कम करने में सहायक हो सकती है, जबकि रात के तापमान में गिरावट मौसम के धीरे-धीरे ठंड की ओर बढ़ने का संकेत है।

'सेवा संकल्प' शिविर में विधायक साहू ने हितग्राहियों को बांटे कई हितलाभ

नवापारा-राजिम। सुशासन और जनकल्याण को गति देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प' अभियान के अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्रकुमार साहू शामिल हुए।

जानकारी देते हुए नवापारा नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बताया कि इस दौरान विधायक श्री साहू ने विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को पट्टा, चेक, सामग्री किट, प्रमाण-पत्र एवं स्वीकृति पत्र सहित अन्य हितलाभों का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री साहू ने विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की प्रगति की जानकारी ली।



अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना प्राथमिकता: इंद्रकुमार

शिविर में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार का मूल मंत्र 'सेवा संकल्प' है। हमारी प्राथमिकता है कि शासन की हर कल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी और सहज रूप से पहुँचे। सेवा संकल्प की इस पहल से आम जनता को अपने छोटे-बड़े काम के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। नागरिकों को एक ही छत के नीचे सभी विभागीय सेवाओं और हितलाभों की सुविधा मिलना सुशासन का प्रत्यक्ष उदाहरण है। अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभागीय कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं योजना के हितग्राही उपस्थित रहे।

कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच की मांग, सरकारी बजट के दुरुपयोग का आरोप

छिंद तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों खर्च, फिर भी जलकुंभी से पटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

नगर में मनरेगा योजना के तहत स्वीकृत लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी ऐतिहासिक छिंद तालाब आज बदहाली का शिकार है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासनिक उदासीनता पर सवाल उठाते हुए गरियाबंद कलेक्टर से उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।

नगर में निस्तार के लिए दो प्रमुख तालाब हैं। एक नए तालाब में पानी भरा होने से लोगों को राहत मिल रही है, लेकिन इसके बगल का विशाल छिंद तालाब पूरी तरह उपेक्षित है। रख-रखाव के अभाव में यह तालाब जलकुंभी और खरपतवार से पट चुका है। पानी दूषित होने के कारण इसका उपयोग किसी भी कार्य के लिए संभव नहीं है, जिससे नगरवासियों में गहरा रोष है।

जानकारी के अनुसार, लगभग तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ और एसडीएम ने इस तालाब का जायजा लिया था। मनरेगा योजना के तहत इसके सौंदर्यीकरण के लिए लगभग 13 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे।

योजना के तहत तालाब के चारों तरफ पिचिंग और सौंदर्यीकरण कार्य होना था। शुरुआती कार्य के बाद निर्माण कार्य को बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया। पारदर्शिता के लिए लगाया गया सरकारी सूचना बोर्ड भी ध्वस्त कर गायब कर दिया गया। लाखों रुपये खर्च होने और परिणाम शून्य रहने पर नागरिकों ने गरियाबंद कलेक्टर रणबीर शर्मा से न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि 13 लाख रुपये के उपयोग की उच्चस्तरीय जांच हो, तालाब से तत्काल जलकुंभी हटाई जाए और सौंदर्यीकरण कार्य पूरा किया जाए।



पूर्व सरपंच के कार्यकाल का मामला: हनिता

ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती हनिता नायक ने बताया कि इस तालाब में कितना खर्च हुआ और बोर्ड कहां गया, इसकी उन्हें कोई जानकारी नहीं है। यह मामला पूर्व सरपंच के कार्यकाल का है। मैनपुर तालाब के सौंदर्यीकरण को बेहद जरूरी बताते हुए इसके संरक्षण की मांग का समर्थन किया है।

